# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ०प्र०, प्रयागराज

**पत्र सं०-सा०प्र०(मु०)/लेखा-I/अग्निशमन यन्त्र/ 25388** **दिनांकः 17/06/2022**

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय में स्थापित विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यन्त्रों की रिफिलिंग व सर्विसिंग का कार्य किया जाना है। इस सम्बंध में स्थानीय पंजीकृत एजेन्सी से निविदा दिनांक **20.06.2022** से **11.07.2022 (सायं 05.00 बजे)** तक आमंत्रित की जाती है। एजेन्सी, निविदा के लिए अपनी न्यूनतम दर निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक-अ) में अंकित कर, निविदा बंद लिफाफे में वरिष्ठ उप महालेखाकार प्रकोष्ठ में रखे ताला बंद बॉक्स में जमा कर सकते है। निविदा सूचना कार्यालय के वेब साईट www.agup.nic.in पर भी उपलब्ध है, जिसे इच्छुक एजेन्सी अपनी निविदा आफ-लाइन प्रारूप में कार्यालय में ऊपर वर्णित स्थान पर डाल सकते है। यह निविदा सूचना निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के अन्तर्गत आमन्त्रित की जाती है :-

**नियम एवं शर्तें**

1. अग्निशमन यन्त्रों की रिफिलिंग में प्रयोग किये जाने वाले मैटेरियल ISI मानक एवं इस सम्बंध में BIS के मानको के अनुरूप होना चाहिए।

2. बयाना जमा प्रतिभूति (EMD) स्वरुप रु० 3000/- का Bank Draft/Bankers Cheque आदि जो "वेतन एवं लेखाधिकारी कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ०प्र०, प्रयागराज" के पक्ष में देय हो, निविदा सूचना के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। EMD के बिना निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। असफल बोलीदाताओं की EMD निविदा प्रक्रिया पूरी होने के एक माह के अंदर वापस कर दी जायेगी, जबकि सफल बोलीदाता की EMD , Performance Guarantee कुल लागत का 3% (FDR,TDR,बैंक गारंटी के रूप में) वेतन एवं लेखाधिकारी कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ०प्र० के पक्ष में जमा करने के उपरांत वापस की जायेगी। सफल बोलीदाता को बिल भुगतान से पूर्व Performance Guarantee जमा करना अनिवार्य होगा।

3. इस निविदा के लिए बोली सिर्फ भारतीय रुपये में ही मान्य होगी। एजेन्सी को अपनी दरों को सभी करों के साथ अंकित करना होगा। निविदा सूचना में सभी मदों के लिए बोलीदाता द्वारा अंकित दरों के कुल न्यूनतम योग के आधार एल-1 बोलीदाता को चिन्हित किया जायेगा।

4. कार्यादेश निर्गत करने की तिथि से 10 दिन के अन्दर अग्निशमन यन्त्रों का रिफिलिंग कर यथा स्थान पर लगाना अनिवार्य होगा। अग्निशमन यन्त्र को लाने एवं ले जाने का खर्च स्वयं आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा। इसके लिए कार्यालय द्वारा भुगतान नहीं किया जायेगा।

5. किसी संस्था/कार्यालय में किये गये कार्य का 3 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3 वर्षों से कम अनुभव वाली संस्था की बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है एवं संलग्न प्रपत्र में ही निविदा की दरों को प्रस्तुत करना होगा।

7. कार्योपरान्त फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक के साथ अग्निशमन विभाग द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एक घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि सभी अग्निशमन यंत्रों की रीफिलिंग सही तरीके एवं BIS मनको के अनुरूप की गयी है। इसके बाद ही एजेन्सी को भुगतान किया जायेगा । अग्निशमन यन्त्रों की रिफिलिंग व सर्विसिंग के लिए कोई भी अग्रिम भुगतान नहीं दिया जायेगा।

8. आपूर्ति किये गये अग्निशमन यंत्रों में से 2-3 अग्निशमन यंत्रों का यादृच्छिक रुप से प्रायोगिक परीक्षण कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष करना होगा, जिससे यह सिद्ध हो सके कि सभी यंत्र सही तरह से कार्य कर रहे हैं । इस दौरान एसे खाली हुए अग्निशमन यंत्रों की भराई का कार्य आवंटित कार्यदेश की दर के अनुसार कराना होगा ।

9. **वैधता अवधि के भीतर किसी भी आकस्मिक स्थिति में अग्निशमन यंत्र के ठीक तरह से कार्य न करने पर इसके कारण किसी भी प्रकार की सरकारी सम्पत्ति की हानि होने पर उसकी भरपाई फर्म द्वारा की जाएगी और फर्म इसके लिए पूर्णरुपेण उत्तरदायी होगी। साथ ही वैधता अवधि में यदि कोई मरम्मत कार्य कराया जाना आवश्यक होगा, तो इसके लिए कार्यालय द्वारा कोई भुगतान नहीं किया जायेगा ।**

10. अपूर्ण एवं अस्पष्ट निविदा अथवा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

11. अनुबंध भारत के कानून/विधि द्वारा शासित होगा एवं सभी विवाद न्यायधिकरण प्रयागराज क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

उक्त कार्य हेतु अपनी दरें विहित प्रपत्र “अनुलग्नक A” में विलम्बतम दिनांक 11.07.2022 समय सायं 05.00 बजे तक वरिष्ठ उप महालेखाकार प्रकोष्ठ में रखें ताला बंद बाक्स में लिफाफे (सील बन्द) में प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त निविदा सूचना पर विचार नहीं किया जाएगा। आमंत्रित निविदा सूचना को दिनांक 12.07.2022, समय 12.00 PM बजे खोली जायेगी । उक्त अवधि में एजेन्सी के मालिक या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है ।

**संलग्नक : यथोपरि ।**

हस्ता/० 17.06.2022
वरिष्ठ लेखाधिकारी/सा.प्र.(मु.)

अनुलग्नक-अ

**अग्निशमन यंत्रों के भराई हेतु आमंत्रित निविदा में शामिल फर्म का विवरण**

| पार्ट-अ | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम एवं पत्ता | |
| 2. | जी. एस. टी. संख्या | |
| 3. | डीलर शिप/रजिस्ट्रेशन संख्या | |
| 4. | पैन संख्या | |
| 5 | अनुभव प्रमाण, ( पिछले तीन वर्षों का)<br>(कार्यदेश की प्रति संलग्न करें ) | वर्ष में :<br><br>जहाँ कार्य किया गया है उस कार्यालय का नाम<br>1.<br>2.<br>3.<br>4.<br>5.<br>6. |
| 6 | ई.एम.डी. का विवरण | 1. ई.एम.डी. का प्रारूप (बैंक ड्राफ्ट, चेक आदि)<br><br>2. ई.एम.डी. की राशि<br><br>3. बैंक का नाम |

अनुलग्नक-अ

**अग्निशमन यंत्रों के भराई हेतु दरों का विवरण**

(कृपया स्वच्छ एवं स्पष्ट अक्षरों में अंकित करें )

| पार्ट-ब | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No (संख्या). | Particulars of Fire Extinguisher (अग्निशमन का विवरण ) | संख्या (ए) | प्रति इकाई दर रूपाय में (बी) | जी.एस.टी (सी) | Total in Rs. (बी +सी) | Amount in Rs. (ए)X(बी+सी) |
| 1 | Refilling, checking, testing and servicing of ABC Type 6 kg capacity fire extinguishers (ISI mark IS-15683, MAP Powder, Stored Pressure type and CE Valve make Safex.) | 19 | | | | |
| 2 | Refilling, checking, testing and servicing of ABC Type 5 kg capacity fire extinguishers (ISI mark IS-15683,MAP Powder, Stored Pressure type and CE Valve make Safex.) | 14 | | | | |
| 2 | Refilling, checking, testing and servicing of $CO_2$ Type 4.5 kg capacity fire extinguishers (ISI Mark IS-15683 fitted with one metre long steel braded Hose and Horn, $CO_2$ Cylinder as per IS-7285 with PESO APPROVED Valve as per IS-3224,make Safex | 36 | | | | |
| 3 | Refilling, checking, testing and servicing of $CO_2$ Type 2 kg capacity fire extinguishers | 24 | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (ISI Mark IS-15683 fitted with bend pipe and Horn, $CO_2$ Cylinder as per IS-7285 with PESO APPROVED Valve as per IS-3224,make Safex) | | | | | |
| 4 | ABC of 1 KG | 5 | | | | |
| 5 | Hydraulic pressure testing of 1/3 of total i.e 33 units | Rate per unit for fire Extinguishers for Hydraulic pressure testing. | | | | |
| | | 1 Kg ABC | 5 Kg ABC | 6 Kg ABC | 4.5 Kg Co2 | 2 Kg of Co2 |
| | | | | | | |
| | अतिरिक्त सामग्रियों के लिए दरों का विवरण जिनका प्रयोग अग्निशमन यंत्रों में प्रयोग किया जा सकता है:- (एक इकाई का दर अंकित करें, आवश्यकतानुसार इनका प्रयोग किया जायेगा।) | | | | | |
| | I. Pressure Gauge | 1 | | | | |
| | II. Discharge Tube | 1 | | | | |
| | III. Handle Set | 1 | | | | |
| | IV. Valve Set | 1 | | | | |
| | V. Sisan Tube | 1 | | | | |
| | VI. Bracket | 1 | | | | |
| | VII. Change of bend pipe & Horn | 1 | | | | |
| | VIII. How to use “Fire Extinguishers. (Demo Stickers) | 25 | | | | |
| | | | | | कुल भराई की लागत (रुपया में) | |

फर्म के मालिक/अधिकृत हस्ताक्षरी का नाम एवं मुहर